**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

# राज्यपाल ने केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री से भेंट की
# छत्रपति शिवाजी का सही जन्म वर्ष अंकित हो - श्री नाईक

लखनऊः 11 अक्टूबर, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज दिल्ली में केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री अशोक गजपति राजू पूसापति से भेंट की। भेंट के दौरान राज्यपाल ने केन्द्रीय मंत्री से मुंबई के छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (डोमेस्टिक डिवीजन टी-1 आगमन) में लगे छत्रपति शिवाजी के छायाचित्र पर अंकित जन्म वर्ष में सुधार करने हेतु विचार विनिमय किया। केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ने राज्यपाल को शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। राज्यपाल आज से राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद द्वारा राष्ट्रपति भवन में आयोजित राज्यपालों के सम्मेलन में भाग लेने हेतु 11 से 13 अक्टूबर 2017 तक तीन दिवसीय दौरे पर नई दिल्ली प्रवास पर हैं।

ज्ञातव्य हो कि राज्यपाल ने अपने मुंबई के गत दौरे संज्ञान लिया था कि छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (डोमेस्टिक डिवीजन टी-1 आगमन) में लगे छत्रपति शिवाजी के छायाचित्र पर उनके संबंध में उल्लिखित जानकारी में दो स्थान पर उनका जन्म वर्ष 1627 अंकित था। राज्यपाल ने शिवाजी का सही जन्म वर्ष 1630 अंकित करने के संबंध में 31 जुलाई, 2017 को केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री को पत्र प्रेषित किया था तथा माह सितम्बर में एक अनुस्मारक भी भेजा था।

राज्यपाल ने केन्द्रीय मंत्री को प्रेषित अपने 31 जुलाई, 2017 के पत्र में उल्लेख किया था कि छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्म वर्ष के संबंध में विस्तृत शोध और विचार-विमर्श के बाद भारत सरकार और महाराष्ट्र राज्य सरकार इस निष्कर्ष पर पहुंचे थे कि वर्ष 1630 ही छत्रपति शिवाजी महाराज का मान्य जन्म वर्ष है।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व श्री नाईक ने लखनऊ में छत्रपति शाहूजी महाराज के जन्म दिवस के संबंध में भी स्थिति स्पष्ट की थी। उत्तर प्रदेश में छत्रपति शाहूजी महाराज का जन्म दिवस 26 जुलाई को मनाया जाता था जबकि महाराष्ट्र सरकार द्वारा गठित शोध समिति के अनुसार छत्रपति शाहूजी महाराज का जन्म दिवस 26 जून को बताया गया था। राज्यपाल द्वारा स्थिति स्पष्ट करने के बाद 26 जून को ही उत्तर प्रदेश में विभिन्न संस्थाओं द्वारा छत्रपति शाहूजी महाराज का जन्म दिवस मनाया जाने लगा।

-----

अंजुम/ललित/राजभवन (394/14)




Shri Chhatrapati Shivaji Maharaj (1627-1680 A.D)
Sahar International Airport was renamed as Chhatrapati Shivaji International Airport (CSIA) by the Airports Council International (ACI) Governing Board in honor of the Great Maratha Warrior Chhatrapati Shivaji Maharaj (1627-1680 A.D). It stands testimony to the Great Shivaji Maharaj, a visionary king in the history of India. Shri Chhatrapati Shivaji Maharaj was an able administrator, innovator, protector of people and a great commander of the Maratha Empire. He brought revolutionary changes in military organisation,fort architecture, society and politics. He successfully led and cleverly marshalled his forces to cope and overcome several major enemy invasions using guerrilla warfare techniques. His success was driven by his determination to establish a free and independent homeland, the Hindvi Swarajya.